**विषय – हिंदी**
(प्रश्न-पत्र)
**कक्षा – 10**
**कोड – 801(AA)**
**साल -2017**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

अनुक्रमांक ..........

नाम ..........

901 **801(AA)**

**2017**

हिन्दी

केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) रामचन्द्र शुक्ल महान नाटककार के रूप में प्रसिद्ध हैं ।

ii) 'ममता' जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध नाटक है ।

iii) 'भारतीय संस्कृति' निबंध के लेखक डॉ० राजेन्द्र प्रसाद हैं ।

iv) 'स्कन्दगुप्त' प्रेमचन्द का प्रसिद्ध उपन्यास है ।

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के लेखक का नाम लिखिए : 1

i) पंचपात्र

ii) दुनिया रंग-बिरंगी

iii) त्रिवेणी

iv) तितली ।

ग) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के लेखक का नाम लिखिए । 1

घ) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस साहित्यकार की आत्मकथा है ? 1

ङ) किसी एक कहानीकार का नाम लिखिए । 1

2\. क) रीतिकाल की **दो** विशेषताएँ लिखिए । 1 + 1

ख) छायावाद की **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । 1 + 1

ग) किसी **एक** प्रयोगवादी कवि का नाम लिखिए । 1

3\. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) मित्र केवल उसे नहीं कहते जिसके गुणों की तो हम प्रशंसा करें, पर जिससे हम स्नेह न कर सकें, जिससे अपने छोटे-मोटे काम तो हम निकालते जाएँ, पर भीतर ही भीतर घृणा करते रहें । मित्र सच्चे पथ प्रदर्शक के समान होना चाहिए, जिस पर हम पूरा विश्वास कर सकें; भाई के समान होना चाहिए; जिसे हम अपना प्रीति-पात्र बना सकें । हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए । ऐसी सहानुभूति, जिससे एक की हानि-लाभ को दूसरा अपना हानि-लाभ समझे । मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं कि दो मित्र एक ही प्रकार के कार्य करते हों या एक ही रुचि के हों । इसी प्रकार प्रकृति और आचरण की समानता भी आवश्यक या वांछनीय नहीं है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) हमारे और हमारे मित्र के बीच कैसी सहानुभूति होनी चाहिए ?

ख) मगर ऐसा न आज तक हुआ है और न होगा । दूसरों को गिराने की कोशिश तो अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती । एक बात और है कि संसार में कोई भी मनुष्य निन्दा से नहीं गिरता । उसके पतन का कारण सद्गुणों का ह्रास होता है । इसी प्रकार कोई भी मनुष्य दूसरों की निन्दा करने से अपनी उन्नति नहीं कर सकता । उन्नति तो उसकी तभी होगी, जब वह अपने चरित्र को निर्मल बनाए तथा अपने गुणों का विकास करे ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) मनुष्य की उन्नति कैसे हो सकती है ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए और उसका काव्यगत सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 1 + 1 + 4

क) चरन-कमल बंदौं हरि राइ ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कुछ दरसाइ ।
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बार-बार बंदौं तिहिं पाइ ।।

ख) चरण ये तेरे रुके ही यदि रहेंगे
देखने वाले तुझे, कह, क्या कहेंगे
हो न कुंठित, हो न स्तंभित
यह मधुर अभियान वेला
बढ़ अकेला ।

5. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

ii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

iii) रामधारी सिंह 'दिनकर' ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) तुलसीदास

ii) बिहारीलाल

iii) माखनलाल चतुर्वेदी ।

6. निम्नलिखित का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

एकदा बहवः जनाः धूमयानम् (रेलगाड़ी) आरुह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म । तेषु केचित् ग्रामीणाः केचिच्च नागरिकाः आसन् । मौनं स्थितेषु एकः नागरिकः ग्रामीणान् उपहसन् अकथयत् "ग्रामीणाः अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिताः अज्ञाश्च सन्ति" । तस्य तादृशं जल्पनं श्रुत्वा कोऽपि चतुरः ग्रामीणः अब्रवीत्, "भद्र नागरिक! भवान् एव किंचित् ब्रवीतु, यतो हि भवान् शिक्षितः बहुज्ञश्च अस्ति ।

**अथवा**

सार्थः प्रवसतो मित्रं भार्या मित्रं गृहे सतः ।

आतुरस्य भिषक् मित्रं दानं मित्रं मरिष्यतः ।।

7. क) अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1

i) वाराणस्यां कति विश्वविद्यालयाः सन्ति ?

ii) वीरः केन पूज्यते ?

iii) मित्रदर्शनेन किं भवति ?

iv) भारतीय संस्कृतेः मूलं किम् अस्ति ?

8. क) हास्य रस **अथवा** करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

ख) उत्प्रेक्षा **अथवा** रूपक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

ग) सोरठा **अथवा** रोला छन्द का लक्षण लिखकर उदाहरण दीजिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अनु
ii) अप
iii) सु
iv) परि
v) अधि
vi) प्र ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) पन
ii) ता
iii) वट
iv) आई
v) हट ।

801(AA) 10

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए : 1 + 1

i) रामकृष्ण

ii) पाप-पुण्य

iii) नीलकमल

iv) त्रिभुज ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) करम

ii) फागुन

iii) हाथ

iv) कान ।

642154

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) गंगा

ii) सूर्य

iii) पृथ्वी

iv) पर्वत ।

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) गुरु + आदेशः

ii) महा + ओजः

iii) प्रति + उत्तरम्

iv) तथा + एव ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के रूप चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन में लिखिए : 1 + 1

i) फल **अथवा** नदी

ii) युष्मद् **अथवा** मधु ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) पठतु

ii) द्रक्ष्यति

iii) हसेयम् ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) वे पुस्तक पढ़ते हैं ।

ii) राधा ने एक चित्र देखा ।

iii) देवदत्त अपने घर जाएगा ।

iv) विद्या विनय देती है ।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) देशप्रेम

ii) मेरी प्रिय पुस्तक

iii) परहित सरिस धर्म नहिं भाई

iv) मोबाइल फोन से लाभ और हानि ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 3

क) i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्रांकन कीजिए ।

ख) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर पं० जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

घ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के कथानक को संक्षेप में वर्णित कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के किसी एक पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

ङ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

च) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य की कथावस्तु का वर्णन कीजिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

छ) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक की चरित्रगत विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

ज) i) 'कर्मवीर भरत' की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

झ) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

---

801(AA) - 5,70,000